कार्यालय जिला कमाण्डेन्ट होमगार्ड्स, ऊधमसिंह नगर।

निकट मुख्य कोषागार रूद्रपुर, ऊधम सिंह नगर, दूरभाष/फैक्स : 05944–297134, Email : dchg.us.uk.2gmail.com

पत्रांक : डीसी–दो–18/हो.गा./2026–27/294

दिनांक : 30.04.2026

विज्ञप्ति

उत्तराखण्ड शासन के शासनादेश संख्या 140946/XX(2)/23–25(हो.गा.)/2014 दिनांक 26 जुलाई 2023, शासनादेश संख्या 124/XXX(2)/2020–53(01)/2001 दिनांक 22 मई 2020, शासन के कार्यवृत्त संख्या 88/XX-5/2020–01–होगा/2019 दिनांक 05 फरवरी 2020 तथा होमगार्ड्स एवं नागरिक सुरक्षा मुख्यालय, उत्तराखण्ड, देहरादून के पत्रांक संख्याः सीजी–133V/हो.गा./2018/47 दिनांकः अप्रैल 02 ,2026 एवं कार्यवृत्त संख्या सीजी–133VI/हो.गा./2018/259 दिनांकः अप्रैल 13 ,2026 एवं पत्र संख्या सीजी–133VI/हो.गा./2018/639 दिनांकः अप्रैल 28 ,2026 के अनुक्रम में जनपद ऊधमसिंहनगर के समस्त कंपनी/प्लाटून में होमगार्ड्स स्वयंसेवकों के कुल 554 स्वीकृत नियतन के सापेक्ष माह जून 2026 तक की रिक्तियों को सम्मिलित करते हुए कुल 76 रिक्त पदों पर सीधी भर्ती (केवल पुरूष अभ्यर्थी हेतु) जनपद ऊधमसिंहनगर के सम्पूर्ण क्षेत्र के स्थायी निवास प्रमाण–पत्र धारकों से निम्नानुसार जनपद स्तर पर निःशुल्क आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।

क्र0सं0	पद का नाम	आरक्षण श्रेणी	रिक्त पद	क्षैतिज आरक्षण के अन्तर्गत रिक्त पदों की संख्या			
				भूतपूर्व सैनिक 5%	स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रित 2%	उत्तराखण्ड के अनाथ बच्चे 5%	राज्य आंदोलनकारी एवं उनके आश्रित 10%
1.	होमगार्ड्स स्वयंसेवक (केवल पुरूष)	अनारक्षित UR	69	03	01	03	07
2.		आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग EWS	07	—	—	—	—
कुल योग			76	03	01	03	07

ऐसे इच्छुक एवं अर्ह अभ्यर्थी निर्धारित प्रारूप पर पूर्ण रूप से भरे आवेदन पत्र/स्वघोषणा–पत्र के साथ आवश्यक प्रमाण–पत्रों की स्वयंप्रमाणित छायाप्रति संलग्न कर दिनांकः 22.05.2026 .की रात्रि 11:59 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय जिला कमाण्डेन्ट होमगार्ड्स ऊधमसिंहनगर निकट मुख्य कोषागार रूद्रपुर, ऊधमसिंहनगर में स्वयं अथवा डाक के माध्यम से जमा कर सकते है। शैक्षिक योग्यता अभ्यर्थियों को उत्तराखण्ड राज्य सरकार द्वारा किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड/संस्थान से दसवीं की परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है, एवं दिनांकः 01.01.2026 को आयु 18 वर्ष से कम एवं 40 वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिए। होमगार्ड्स स्वयंसेवकों को वर्तमान में ड्यूटी के दौरान राज्य सरकार के द्वारा निर्धारित रू0 600/– प्रतिदिन प्रति होमगार्ड्स, ड्यूटी भत्ता, महँगाई भत्ता रू0 348/– (वर्तमान दर 58 प्रतिशत) धुलाई भत्ता रूपया 200/– प्रति माह (दिनो के संख्या में अनुपातिक आधार पर) अनुमन्य होगा। भर्ती संबंधी आवेदन पत्र का प्रारूप एवं विस्तृत जानकारी कार्यालय जिला कमाण्डेन्ट होमगार्ड्स, ऊधमसिंहनगर निकट मुख्य कोषागार रूद्रपुर, ऊधमसिंहनगर एवं कार्यालय के फेसबुक पेज Udham Singh Nagar Homeguards एवं सम्बन्धित क्षेत्र के प्रमुख कार्यालयों स्थित सूचना पट्ट से प्राप्त की जा सकती है।

नोटः– अपूर्ण, त्रुटिपूर्ण एवं निर्धारित तिथि/समय के पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। अभ्यर्थी अपने आवेदन पत्र के साथ वैध प्रमाण पत्र ही संलग्न करें। अभ्यर्थी द्वारा उपलब्ध कराये जाने वाले सभी दस्तावेजों/अभिलेखों की विभाग द्वारा जाँच एवं सत्यापन कराया जाएगा। फर्जी प्रमाण पत्र/अभिलेख प्रस्तुत किये जाने अथवा सत्यापन के दौरान कूट रचित/अमान्य पाये जाने की स्थिति में सम्बन्धित अभ्यर्थी के विरूद्ध विधि सम्मत प्रावधानों के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत करते हुए प्रासांगिक धाराओं में कठोर वैधानिक एवं प्रशासनिक कार्यवाही प्रचलित की जाएगी। जिसके लिए अभ्यर्थी स्वयं पूर्ण रूप से उत्तरदायी होगा।

(प्रतिमा)

जिला कमाण्डेन्ट होमगार्ड्स

ऊधमसिंह नगर।